अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें ।
Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : **3 + 3**
Total No. of Questions : **3 + 3**

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : **15**
No. of Printed Pages : **15**

# M-2016-II

## सामान्य अध्ययन

## GENERAL STUDIES

### द्वितीय प्रश्न-पत्र

### Second Paper

RESULT MITRA

**समय : 3 घंटे ]**
**Time : 3 Hours ]**

**[ पूर्णांक : 300** (खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150)
[ Total Marks : **300** (Part-A 150 + Part-B 150)

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**
***Instructions to the candidates :***

इस प्रश्न-पत्र में खण्ड-अ एवं खण्ड-ब हैं । प्रत्येक खण्ड **150** अंक का है ।
This question paper consists of Part-A and Part-B. Each part carries **150** marks.

1. प्रत्येक खण्ड में कुल तीन प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है । प्रश्न क्रमांक **02** तथा **03** में आंतरिक विकल्प हैं । प्रश्न क्रमांक **02** में शब्द सीमा **100** है तथा प्रश्न क्रमांक **03** में शब्द सीमा **300** है ।

   Each part of this question paper consists of **03** questions. ***All*** questions are compulsory. Question No. **02** and **03** have an internal choice. For Question No. **02** word limit is **100** words and for Question No. **03** word limit is **300** words.

2. प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है । किसी अन्य माध्यम में लिखे गये उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा । **सभी 03** प्रश्न करना अनिवार्य है । प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें ।

   Answers should be written in the medium which you have opted in your Application Form. No marks will be awarded, if the answer is written in any other medium. ***All*** the ***three*** questions must be answered. Question should be answered exactly in order in which they appear in the question paper. Answers to the various parts of the same question should be written together compulsorily and answers of other question should not be inserted between them.

3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें **15** अनिवार्य प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर **एक** अथवा **दो** पंक्तियों में देना है ।

   The first question is of short answer type consisting of **15** compulsory questions. Each one is to be answered in ***one*** or ***two*** lines.

4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका अवश्य पालन करें ।

   Wherever word limit has been given, it must be adhered to.

5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतर मानक माना जायेगा ।

   In case there is any error of printing or factual nature, then out of the Hindi and English versions of the question, the English version will be treated as standard.

RESULT MITRA

## खण्ड-अ

## Part- A

1. निम्नलिखित सभी प्रश्नों (**A से** O) के उत्तर **एक** या **दो** पंक्तियों में दीजिए : **15 × 3 = 45**

Answer the following questions (**A to O**) in **one** or **two** sentences each :

(A) भारतीय संविधान के उन प्रमुख लक्षणों को बताइये जो यू एस ए के संविधान से लिये गये हैं ।

Write the prominent features of Indian Constitution which are borrowed from the Constitution of USA.

(B) पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम, 1986 के अनुसार "पर्यावरण" को परिभाषित कीजिए ।

Define 'Environment' as given in the Environment Protection Act, 1986.

(C) उन करों के नाम बताइये जो केन्द्र सरकार द्वारा लगाये तथा संगृहीत किये जाते हैं और भारत में केन्द्र तथा राज्यों में वितरित किये जाते हैं ।

Name the taxes which are levied and collected by the Union Government and distributed between Union and States in India.

(D) मौलिक अधिकारों और राज्य नीति के निर्देशक तत्त्वों में दो बुनियादी अन्तर बताइये ।

Write two basic differences between the Fundamental Rights and Directive Principles of State Policies.



RESULT MITRA

(E) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार 'प्रतिबन्धात्मक व्यापार प्रथाएँ' क्या हैं ?

What are the 'Restrictive Trade Practices' as per the Consumer Protection Act ?

(F) मध्य प्रदेश में दूरस्थ, अनुसूचित जाति तथा जनजाति क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्या प्रावधान हैं ?

What are the provisions for Health facilities in MP for Distance, SC and ST areas ?

(G) संविधान में 'सामाजिक न्याय', से सम्बन्धित किन्हीं तीन प्रावधानों को अनुच्छेदों/भागों के साथ लिखिए ।

Write any three provisions relating to 'Social Justice' in the Constitution with articles/part of the Constitution.

(H) चुनाव के दिन राजनैतिक दलों के लिए आदर्श आचार संहिता क्या होती है ?

What is model code of conduct to be followed by political parties on the polling day ?

(I) 'नीति कटौती प्रस्ताव' क्या है ?

What is 'Policy Cut Motion' ?



RESULT MITRA

(J) मध्य प्रदेश में स्वसहायता समूह से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by Self-Help Group in M.P ?

(K) 'परमादेश' क्या है ?

What is 'Mandamus' ?

(L) सरकारी प्रशासन में 'चूक का नियम' प्रणाली क्या है ?

What is the system of, 'Rule of Lapse' in Government Administration ?

(M) किन आधारों पर किसी राजनैतिक दल को राष्ट्रीय राजनैतिक दल घोषित किया जाता है ?

On which grounds any Political Party can be declared as a National Political Party ?

(N) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अनुसार 'डिजिटल हस्ताक्षर' क्या है ?

What is 'Digital Signatures' as per IT Act, 2000 ?

(O) लोक लेखा समिति का मुख्य कार्य क्या है ?

What is the basic function of the Public Accounts Committee ?



RESULT MITRA

2. निम्नलिखित प्रश्नों (**A** से **J**) के उत्तर प्रत्येक के लगभग **100** शब्दों में दीजिए : **10 × 6 = 60**

Answer the following questions (**A** to **J**) in about **100** words each :

(A) भारत के राष्ट्रपति की वीटो शक्ति का वर्णन कीजिए तथा इसका प्रयोग कैसे होता है ?

Explain the Veto Power of the President of India and how it is exercised ?

**अथवा/OR**

नागरिक सेवकों को प्राप्त संवैधानिक सुरक्षा उपायों तथा उसके महत्त्व की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

Discuss briefly the Constitutional safeguards provided to civil servants and its significance.

(B) राज्य मानव अधिकार आयोग की रचना, कार्य तथा कार्यप्रणाली का वर्णन कीजिए ।

Describe the composition, functions and working of State Human Rights Commission.

**अथवा/OR**

पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम के तहत केन्द्र सरकार की शक्तियों का परीक्षण कीजिए ।

Examine the powers of Central Government under the Environmental Protection Act.

(C) भारतीय संविधान के 42वें संविधान संशोधन अधिनियम को स्पष्ट कीजिए।

Discuss the 42nd Constitutional Amendment Act of the Indian Constitution.

**अथवा/OR**

विधान परिषद से आप क्या समझते हैं ? इसके संगठन और उपयोगिता को स्पष्ट कीजिए।

What do you mean by Legislative Council ? Discuss its composition and utility.



RESULT MITRA

(D) भारत के उत्तर-पूर्व के राज्यों की समस्याओं और उनके सुरक्षा मुद्दों पर संक्षेप में प्रकाश डालिये ।

Briefly highlight the problems and security issues in North-East States of India.

अथवा/OR

लोकपाल से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by Lokpal ?

(E) अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के संगठन और कार्य-प्रणाली का वर्णन कीजिए ।

Discuss the composition and working of SC, ST Exploitation Prevention Act, 1989.

अथवा/OR

राष्ट्रीय महिला आयोग के मूल उद्देश्य, रचना और शासनादेश का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

Discuss briefly the basic purpose, composition and mandate of National Commission for Women.

(F) शक्ति पृथक्करण के सिद्धान्त का परीक्षण कीजिए । भारतीय संविधान में इसे कहाँ तक अपनाया गया है ?

Examine the concept of separation of powers. How far it has been adopted in Indian Constitution ?

अथवा/OR

ग्राम न्यायालय से आप क्या समझते हैं ? इसके उद्देश्य एवं प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए ।

What do you mean by Gram Nyayalya ? Discuss its objective and provisions.

RESULT MITRA

(G) भारत और यू एस ए का 123 समझौता क्या है तथा इसकी महत्ता को स्पष्ट कीजिए ।

What is 123 Agreement of India with USA and discuss its importance.

**अथवा/OR**

विश्व व्यापार संगठन (WTO) के उद्देश्य एवं संगठन को स्पष्ट कीजिए ।

Discuss the aims and organisation of WTO (World Trade Organization).

(H) भारतीय संविधान में एकात्मकता के लक्षणों को क्यों स्वीकार किया गया ? टिप्पणी कीजिए ।

Why unitary features were adopted in the Indian Constitution ? Comment.

**अथवा/OR**

भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में 'विभाजन प्रणाली' के महत्त्व तथा चलन का वर्णन कीजिए ।

Explain the significance and working of 'Split System' in Indian Administrative System.

(I) 'धन विधेयक', 'वित्त विधेयक' तथा 'विनियोग विधेयक' में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

Distinguish between 'Money Bill', 'Finance Bill' and 'Appropriation Bill'.

**अथवा/OR**

सरकारी प्रशासन में लेखा-परीक्षण के प्रकारों तथा उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए ।

Highlight the types and objectives of Audit in Government Administration.

(J) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत साईबर न्यायाधिकरण की रचना, कार्य एवं कार्यप्रणाली को स्पष्ट कीजिए ।

Discuss the composition, functions and working of Cyber Tribunal under the Information Technology Act, 2000.

**अथवा/OR**

'सेवा प्राप्ति का अधिकार' क्या है ? मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में इसकी कार्यप्रणाली को स्पष्ट कीजिए।

What is 'Right to Service' ? Discuss its working with special reference to Madhya Pradesh.

RESULT MITRA

3. निम्नलिखित प्रश्नों (**A से C**) के उत्तर प्रत्येक के लगभग **300** शब्दों में दीजिए : **3 × 15 = 45**

Answer the following questions (**A to C**) in about **300** words each :

(A) सार्क (SAARC) के उद्देश्यों, संगठन और भविष्य पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

Write a short note on aims, organisation and future of SAARC.

**अथवा/OR**

भारत में सहयोगी संघवाद की कार्यप्रणाली और प्रकृति को स्पष्ट कीजिए ।

Discuss the working and nature of Co-operative Federalism in India.

(B) भारत में चुनाव सुधारों की आवश्यकता, उपाय और चुनौतियों पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये ।

Write a short note on need, measures and challenges of Electoral Reforms in India.

**अथवा/OR**

क्या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया लोकतंत्र और संस्कृति का समर्थक है अथवा खतरा ? समीक्षा कीजिए ।

Is the electronic media a supporter or threat to Democracy and Culture ? Comment.

(C) 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के पारित होने के प्रमुख कारकों का वर्णन कीजिए तथा इसके प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए ।

Discuss the main factors leading to the passage of 73rd Constitutional Amendment Act and evaluate its impact.

**अथवा/OR**

उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति में मुख्य मुद्दे क्या हैं ? भारत सरकार और सर्वोच्च न्यायालय के इस संदर्भ में दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए ।

What are the main issues in the appointment of judges in High Courts and Supreme Court ? Discuss the views of Government of India and Apex Court in this regard.



RESULT MITRA

## खण्ड-ब

## Part- B

1. निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** पंक्तियों में दीजिए : **15 × 3 = 45**

Answer the following **15** questions in **one** or **two** lines.

(A) 'एक समाज' का उदाहरण दीजिए ।

Give an example of 'A Society'.

(B) भारत में मानवाधिकार आयोग का गठन कब हुआ ?

When constituted 'Human Rights Commission' in India ?

(C) भारत में मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का नाम लिखिए ।

Write the name of Chief of Human Rights Commission in India.

(D) घरेलू हिंसा को परिभाषित कीजिए ।

Define 'Domestic violence'.

(E) सिविल अधिकार क्या है ?

What is 'Civil Rights' ?

(F) मध्य प्रदेश में 2011 में शिशु मृत्यु दर क्या है ?

In 2011, what is the Infant Mortality Rate in Madhya Pradesh ?

(G) जनगणना 2001 के अनुसार मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति का कुल जनसंख्या में प्रतिशत क्या है ?

According the Census of 2001, what is the percentage of SC population in total population of Madhya Pradesh ?



RESULT MITRA

(H) 'शिशु' को परिभाषित कीजिए ।

Define 'Infant'.

(I) विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय कहाँ है ?

Where is the Head Office of W.H.O. ?

(J) 'टीकाकरण' एक निरोधात्मक उपाय है अथवा उपचारात्मक ?

'Immunization' is a preventive tool or a curative ?

(K) "एक पति अपनी पत्नी के प्रति 'वैवाहिक दायित्व बोध' नहीं रखता है ।" क्या यह घरेलू हिंसा में सम्मिलित होता है अथवा नहीं ?

"A husband not have sense of marital responsibilities to her wife." Is it domestic violence or not ?

(L) 'भ्रष्टाचार' क्या है ? परिभाषित कीजिए ।

What is 'Corruption' ? Define.

(M) 'सूचना' क्या है ? समझाइए ।

What is 'Information' ? Explain.

(N) 'कुपोषण' के प्रमुख कारण बताइए ।

Tell about main reasons of 'Malnutrition'.

(O) जन्म के समय शिशु का आदर्श वजन होना चाहिए (लगभग कि.ग्रा.में)

At the time of birth, an ideal weight of Infant should be ? (Approximate in kgs)



RESULT MITRA

2. निम्नलिखित के उत्तर लगभग **100** शब्दों में दीजिए : **10 × 6 = 60**

Write the answers of the following in about **100** words :

(A) मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के मुख्य प्रावधान लिखिए ।

Write main provisions of Human Rights (Protection) Act, 1993.

**अथवा/OR**

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, भ्रष्टाचार रोकने में कितना कारगर है ? समालोचनात्मक टिप्पणी कीजिए ।

The Prevention of Corruption Act is how much effective to prevent corruption ? Evaluate.

(B) 'सूचना के अधिकार' के दुरुपयोग पर टिप्पणी कीजिए ।

Write a note on misuse of 'Right to Information'.

**अथवा/OR**

"उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किये जाने की आवश्यकता है ।" समझाइए ।

"It is necessary to aware consumers to their rights." Explain.

(C) 'सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

Write a short note on 'Information Technology Act, 2000'.

**अथवा/OR**

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विकास एवं पर्यावरण के सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए ।

Explain the relation between development and environment in contemporary perspectives.



RESULT MITRA

(D) 'पारिवारिक स्वास्थ्य' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

Write a short note on 'Family Health'.

**अथवा/OR**

मध्य प्रदेश राज्य में संचालित महिला एवं बाल कल्याण सम्बन्धी परियोजनाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

Briefly describe the welfare programmes for women and child run in the State of Madhya Pradesh.

(E) भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थिति पर टिप्पणी कीजिए ।

Write a note on conditions of Community Health Centres in India.

**अथवा/OR**

कर्क रोग के विस्तार के कारणों पर प्रकाश डालिए । क्या यह एक संक्रामक बीमारी है ?

Give the causes of spread to 'cancer'. Is it communicable disease ?

(F) जन्म-मृत्यु समंकों की क्या उपादेयता है ?

What is the utility of vital Statistics of Birth and Death ?

**अथवा/OR**

स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रतिरक्षण की भूमिका पर प्रकाश डालिए ।

Write a note on the role of immunization in the area of health.

(G) मध्य प्रदेश में समकालीन स्थितियों में अनुसूचित जनजाति में हुए सामाजिक बदलावों के बारे में लिखिए ।

Write about the social changes occurs among ST's of M.P. in contemporary situations.

**अथवा/OR**

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की विभिन्न मानदण्डों में तुलनात्मक स्थिति मध्य प्रदेश के सन्दर्भ में स्पष्ट कीजिए ।

Explain the comparative positions (in various aspects) of SC & ST in Madhya Pradesh.



RESULT MITRA

(H) 'सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955' को समझाइए ।

Explain the 'The Protection of Civil Rights Act, 1955'.

**अथवा/OR**

भारत में नागरिक समाज की स्थिति का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the position of civil society in India.

(I) मध्य प्रदेश में लोक सेवाओं की प्रत्याभूत उपलब्धता की समकालीन स्थितियों में समीक्षा कीजिए ।

Examine the guaranteed availability of public services in Madhya Pradesh in contemporary situations.

**अथवा/OR**

मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी पूरक पोषण कार्यक्रमों की समीक्षा कीजिए ।

Examine the programmes for supplementary nutrition run by Madhya Pradesh Government.

(J) विश्व स्वास्थ्य संगठन की संरचना पर प्रकाश डालिए ।

Write about the structure of W.H.O.

**अथवा/OR**

एड्स क्या है ? इसकी रोकथाम के उपाय लिखिए ।

What is AIDS ? Write about ways of prevention.

RESULT MITRA

3. निम्नलिखित के उत्तर लगभग **300** शब्दों में दीजिए : **3 × 15 = 45**

Answer the following in about **300** words :

(A) "सामाजिक विधान भारतीय समाज में हो रहे बदलाव के लिए उत्तरदायी हैं ।" स्पष्ट कीजिए ।

"Social Legislation are responsible for change in Indian society." Explain.

**अथवा/OR**

भारत में महिलाओं की सुरक्षा हेतु किए गए संवैधानिक प्रयासों का उल्लेख कीजिए ।

Write about protection to women under Constitutional efforts in India.

(B) "स्वच्छता से पर्यावरण एवं स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है ।" स्पष्ट कीजिए ।

"Positive effects occurs by cleanliness on Environment and Health." Explain.

(C) भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर प्रकाश डालिए ।

Write about 'Health Services' in India.

**अथवा/OR**

पारिवारिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में तकनीकी हस्तक्षेप पर निबंध लिखिए ।

Write an essay about Technological interventions regarding Family Healthcare area.

---



RESULT MITRA